वाणिज्य में स्नातक
(बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. सी. -133: व्यावसायिक सन्नियम

सत्रीय कार्य
2021—22

द्वितीय सत्र

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली —**1100 68**

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. सी. -133: व्यावसायिक सन्नियम

सत्रीय कार्य 2021—22

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है। खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में चार अति लघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2021 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2021 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसंबर 2021 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे नया सत्रीय कार्य डाउनलोड करें और उसको 15 अक्टूबर 2021 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

प्रोग्राम का कोड	:	बी. कॉम
पाठ्यक्रम का कोड	:	बी. सी. ओ. सी. -133
पाठ्यक्रम का सत्र	:	द्वितीय
पाठ्यक्रम का शीर्षक	:	व्यावसायिक सन्नियम
सत्रीय कार्य का कोड	:	बी. सी. ओ. सी. -133 / टी. एम. ए./ 2021 - 22
खण्डों की संख्या	:	सभी खण्ड

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड - क

1. प्रस्ताव किसे कहते हैं। एक वैध प्रस्ताव के आवश्यक तत्वों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। **(10)**

2. "अनुबन्ध के लिए अजनबी मुकदमा नहीं कर सकता " के नियम का विवेचन कीजिए। क्या इस नियम के कुछ अपवाद हैं, वर्णन कीजिए। **(10)**

3. गलती की परिभाषा दीजिए। द्विपक्षीय गलती के प्रकारों का विस्तार से वर्णन कीजिए। **(10)**

4. माल विक्रय में 'माल के स्वामित्व' की परिभाषा दीजिए। विक्रेता से क्रेता के पास विशिष्ट माल के संबंध में स्वामित्व हस्तांतरण के नियम क्या हैं। **(10)**

5. यथाधारी धारक कौन होता है ? उसके विशेषाधिकारों का वर्णन कीजिए। **(10)**

खण्ड - ख

6. स्वीकृति के लिए प्रस्तुतिकरण क्या है ? स्वीकृति के लिए प्रस्तुत न करने का परिणाम क्या होता है। **(6)**

7. भारतीय साझेदारी अधिनियम में साझेदार को निष्कासित करने के प्रावधानों का वर्णन कीजिए। **(6)**

8. साझेदारी में केवल लाभ बांटना ही साझेदारी का साक्ष्य नहीं है। चर्चा कीजिए। **(6)**

9. बल प्रयोग और उत्पीड़न में अंतर स्पष्ट कीजिए। **(6)**

10. गारंटीकर्ता का दायित्व मूल ऋणी के दायित्व के साथ सह- विस्तृत होता है। विवेचना कीजिए। **(6)**

खण्ड - ग

11. खोया माल पाने वाला कौन होता है ? उसके अधिकार क्या होते हैं ? **(5)**

12. एक वैध गिरवी कौन कर सकता है ? **(5)**

13. व्यापार में रुकावट वाला करार व्यर्थ होता है। चर्चा कीजिए। **(5)**

14. रद्द करना और निषेधाज्ञा में अंतर कीजिए। **(5)**